**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 19 जून 2024, समय 1305 (5 मिनट))**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। उन्होंने नए परिसर में एक पट्टिका का अनावरण करने के साथ एक पौधा भी लगाया। श्री मोदी की यात्रा के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पटना मंडल की अधीक्षण पुरातत्वविद् गौतमी भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री को प्राचीन खंडहरों के बारे में जानकारी दी। उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा तथा अन्य प्रतिनिधि नए परिसर में मौजूद थे। इस कार्यक्रम में 17 देशों के राजदूत भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने नालंदा दौरे से पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, "यह हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए एक बहुत ही विशेष दिन है। नालंदा का हमारे गौरवशाली अतीत के साथ एक मजबूत संबंध है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।"

**..........................................................**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह 21 जून, 2024 को महाराणा प्रताप स्टेडियम, गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री 18 गांवों में योग एवं व्यायामशालाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त, 72 योग एवं व्यायामशालाओं की नींव रखेंगे।

आयुष विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा योग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2015 में निर्णय लिया गया कि हरियाणा के सभी 6500 गांवों में योग एवं व्यायामशालाएं स्थापित की जाएंगी। योग एवं व्यायामशालाओं के निर्माण का कार्य विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा किया जा रहा है। प्रथम चरण में विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा 1121 गांवो में योग एवं व्यायामशालाएं स्थापित करने हेतू भूमि चिन्हित की गई और अब तक 714 योग एवं व्यायामशालाएं स्थापित कर दी गई हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा इन सभी योग एवं व्यायामशालाओं में आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है और 877 आयुष योग सहायक इन योग एवं व्यायामशालाओं में कार्यरत हैं।

**......................................................................**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज करनाल में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान समारोह में शिरकत की। उन्होंने करनाल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान नीरज चोपड़ा को जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी और कहा की वह देश का नाम रोशन करते आये है । उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री किरण

चौधरी और उनकी सुपुत्री श्रुति चायधारी और कुछ अन्य नेताओं द्वारा पार्टी छोड़ने के सवाल पर कहा कि कांग्रेस में परिवारवाद हावी है और कांग्रेस के कई अन्य बड़े नेता पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं। जिस प्रकार देश में कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी को लॉन्च करने में लगी है उसी प्रकार हरियाणा में कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने बेटे को लॉन्च करने  लगे हुए है। इसी के चलते कांग्रेस आने वाले समय में खत्म हो जाएगी। बंसीलाल परिवार जिसने हरियाणा में कांग्रेस को एक बड़ी मजबूती दी है और उस परिवार को आज कोई पूछ नहीं रहा है और इसी कारण से किरण चौधरी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है, नायब सैनी ने कहा कि किरण चौधरी ने पार्टी छोड़ते हुए लिखित में भूपिंदर सिंह हुड्डा पर आरोप भी लगाया है।

वही आज दिल्ली में किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब  सिंह सैनी और भाजपा नेता तरुण चुघ की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुई। भाजपा में शामिल होने के बाद किरण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किये गये जनकल्याणकारी कदमों की सराहना की।

..............................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के किसानों को सशक्त किया है जिससे उनकी जीवनशैली में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत आज हरियाणा के भी लगभग 16 लाख किसानों के खातों में 335 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के मध्यम से स्थानांतरित की, इसके लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। इससे पहले हरियाणा के किसानों के बैंक खाते में 16 किस्तों में 5,358 करोड़ रुपये की राशि डाली जा चुकी है। आज 17वीं किस्त की राशि मिलाकर कुल 5,693 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश के किसानों के खातों में पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री ने कल प्रधानमंत्री के वाराणसी में आयोजित "पीएम किसान सम्मान निधि योजना" कार्यक्रम को करनाल से लाइव देखा। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश के लिए शुभ दिन है। निर्जला एकादशी का पावन व्रत है जिसमें लोग अन्न-जल त्यागकर भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी से संसार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त डालकर किसानों की समृद्धि की कामना की है। इसमें 20 हजार करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

..............................................................................................................